संक्षिप्त समाचार

गोविंदपुर के जंगल में 15 अगस्त की रात को महिला के साथ हुआ दुष्कर्म

भोपाल। राजधानी में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की रात 8:00 बजे गोविंदपुरा इलाके में बने एक जंगल में एक नशे में धुत युवक ने एक 28 साल की तलाकशुदा महिला के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म की घटनाओं को अंजाम दिया और फिर उसके बाद फरार हो गया इस मामले की जानकारी देते हुए गोविंदपुर के टीआई ने हमारे संवाददाता को बताया कि इस इलाके में रहने वाली युवती की दो सन 2018 में महाराष्ट्र के गजानंद नाम के व्यक्ति से शादी हुई थी जो 1 साल बाद टूट गई तलाक होने के बाद युवती भोपाल में गोविंदपुरा इलाके में एक आरो कंपनी में काम करने लगी इस दौरान छोला इलाके के रहने वाले राहुल तोमर नाम की युवक से उसकी जान पहचान हुई मंगलवार की रात 8:00 बजे वह अपनी सहेली के घर बैठी हुई थी तभी उसका पूर्व परिचित राहुल तोमर नशा करके आया और उसे घुमाने फिराने के नाम पर जबरदस्ती अपने साथ ले गया आरोपी उसे सीधे टीआरटी के पास बने जंगल में ले गया और वहां उसने अपनी गाड़ी रोकी और झाड़ियों के बीच ले जाकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म कर दिया महिला ने जब शारीरिक संबंध बनाने से इनकार किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट भी की देर रात थाना पहुंचकर महिला ने आरोपी राहुल के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज करा दिया

भोपाल मण्डल में हर्षोल्लास से मनाया गया 77वाँ स्वतंत्रता दिवस

भोपाल। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 77वाँ स्वतंत्रता दिवस भोपाल रेल मण्डल में हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के प्रांगण में आयोजित किया गया, जिसमें मण्डल रेल प्रबंधक श्री देवाशीष त्रिपाठी नें राष्ट्रीय ध्वजारोहण कर ध्वज को सलामी दी तथा रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा प्रस्तुत आकर्षक परेड का निरीक्षण किया। तत्पश्चात महाप्रबन्धक, पश्चिम मध्य रेल के संदेश का वाचन करते हुए वर्ष 2022-23 में पश्चिम मध्य रेल का प्रदर्शन एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। इस अवसर डीआरएम नें मण्डल के सभी रेल कर्मियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भोपाल मण्डल के सभी विभागों के अधिकारियों व केर्मचारियों ने एक जुट होकर टीम भावना से काम करते हुए अपने-अपने स्तर पर राजस्व अर्जन, कर्मचारी कल्याण, संरक्षा, सुरक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर अनुरक्षण एवं ट्रेन परिचालन आदि से जुड़े सभी कामों को सफल अंजाम दिया है। यह उनकी एक जुटता, समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा का परिणाम है। हम ऐसे सभी रेल कर्मियों का सम्मान एवं आभार प्रकट करते हैं। इस अवसर पर रेल सुरक्षा बल, स्काउट्स एवं गाइड्स की टुकड़ी द्वारा मार्च पास्ट तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पश्चिम मध्य रेल महिला कल्याण संगठन भोपाल मण्डल की अध्यक्षा श्रीमती गुंजन त्रिपाठी व सदस्याएं, अपर मण्डल रेल प्रबंधक श्रीमती रश्मि दिवाकर, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक श्रीमती रश्मि बघेल, मण्डल कार्मिक अधिकारी (प्रभारी) श्री विजय सिंह सहित सभी शाखा अधिकारी एवं अन्य रेल अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त मण्डल रेल प्रबंधक नें रेल संस्थान भोपाल , समाज कल्याण केंद्र भोपाल एवं बोट क्लब भोपाल में (हिल स्टेलियन पर) ध्वजारोहण किया।

घर में अकेली पढ़ रही थी छात्रा के साथ पड़ोसी युवक ने कर दी छेड़छाड़

भोपाल । भोपाल राजधानी में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर ऐसे 3 मामले थानों में दर्ज हुए जिनमें किशोरियों और एक विवाहित महिला के साथ अश्लील छेड़छाड़ करने के मामले सामने आए हैं छेड़छाड़ का पहला मामला कोहेफिजा इलाके के सईद नगर में मंगलवार की शाम 4:00 बजे कक्षा सातवीं में पढ़ने वाली 16 साल की नाबालिग छात्रा अपने घर पर अकेली थी उसके माता-पिता रिश्तेदार के यहां गए हुए थे मौका देखकर पड़ोस में रहने वाला शुभम उर्फ अन्ना नाम का युवक घर में घुस आया और उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा किशोरी ने शोर मचाया तो आरोपी भाग खड़ा हुआ उधर बैरागढ़ नगर थाना इलाके के इंदिरा नगर कॉलोनी में रहने वाली 15 साल की छात्रा के साथ संजय नाम के युवक ने छेड़छाड़ कर दी।

मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश संगठन महामंत्री ने किया 'आहुति' पुस्तक का विमोचन

भोपाल। मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद जी ने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में सोशल मीडिया विभाग द्वारा मध्यप्रदेश के गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों पर आधारित आहुति नामक पुस्तक का विमोचन किया। इस अवसर पर सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश संयोजक श्री अभिषेक शर्मा सहित विभाग पदाधिकारी उपस्थित थे।

पुस्तक स्वतंत्रता में आहुति देने वाले सेनानियों को समर्पित -विष्णुदत्त शर्मा

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सासंद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने सोशल मीडिया की टीम को बधाई देते हुए कहा कि देश के यशश्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की कल्पना के अनुरूप फ्रस्वाधीनता के अमृत महोत्सवफ्र के इस स्वर्णिम काल को और भी सार्थक बनाने हेतु सोशल मीडिया विभाग द्वारा 365 दिनों तक प्रतिदिन मध्यप्रदेश के एक स्वतंत्रता सेनानी की गौरव गाथाएं सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रसारित की गई। इस पूरे अभियान के दौरान प्रमुखता से मध्यप्रदेश के उन गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों का जिक्र हुआ, जिनके त्याग व समर्पण से आज भी अधिकांश लोग परिचित नही है। इस पुस्तक में मध्यप्रदेश के प्रत्येक जिले के स्वतंत्रता सेनानियों को समाहित करते हुए भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश द्वारा श्रद्धापूर्वक नमन किया गया है एवं यह पुस्तक स्वतंत्रता आंदोलन के महायज्ञ में अपनी आहुति देने वाले सभी वीर स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित की गई है।

बजरंग दल में अच्छे लोग भी हो सकते हैं, लेकिन गुंडों को छोड़ेंगे नहीं

पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह बोले, मप्र में बजरंग दल पर नहीं लगेगा बैन!

भोपाल।

मध्यप्रदेश के पूर्व सीएम और राज्यसभा सासंद दिग्विजय सिंह के हिदुत्व वाले बयान पर सियासी घमासान मचा हुआ है। इस बीच दिग्विजय सिंह ने बजरंग दल को लेकर एक और बड़ा दिया है। उन्होंने कहा कि एमपी में कांग्रेस सरकार आने पर बजरंग दल पर बैन नहीं लगेगा। लेकिन जो गुंडा होगा, उसे छोड़ा भी नहीं जाएगा। बजरंग दल में हो सकता है अच्छे लोग भी हों। दिग्विजय सिंह के बजरंग दल वाले बयान पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता दुर्गेश केसवानी ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि बजरंग दल राष्ट्रीय विचारधारा से ओतप्रोत है। लोकसेवा और राष्ट्र सेवा के लिए तत्पर रहने वाला है। विपक्ष ने कई बार बजरंग दल पर बैन लगाने की बात कही है। कई बार बजरंग दल के खिलाफ षड्यंत्र किए। कम से कम अब तो दिग्विजय सिंह को समझ आई है। दिग्विजय सिंह ने हिंदुत्व को लेकर फिर कहा कि मैं हिंदू था। हिंदू हूं और हिंदू रहूंगा। मैं भाजपा से ज्यादा अच्छा हिंदू हूं। भाजपा नेताओं से अच्छी तरीके से धर्म का पालन करता हूं। भारत देश हिंदू-मुस्लिम, सिख, ईसाई सब का है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समाज को बाटना बंद करें। उन्होंने कहा कि बजरंग दल में कुछ अच्छे लोग भी हो सकते हैं। लेकिन हम दंगों या हिंसा में शामिल किसी को भी नहीं बख्शेंगे।

कभी हिंदू धर्म खतरे में नहीं रहा

उन्होंने कहा कि हिंदू भाजपा की सिर्फ बात करती हैं। इन्हें हिंदू से कोई लेना देना नहीं है। हिंदुत्व सावरकर के बोल हैं। उन्होंने खुद कहा था हिंदू शब्द का हिंदुत्व से कोई मतलब नहीं। कमलनाथ का हिन्दू वाला बयान तोड़ मरोडकर पेश किया गया। हमारा भरोसा संविधान में था और हमेशा रहेगा। देश में हिन्दू बहुसंख्यक है, तो कहा जाएगा की हिंदुओं का बहुमत है। 550 साल मुस्लिम शासन में कभी हिंदू धर्म खतरे में नहीं रहा है। हिंदू धर्म कभी खतरे में नहीं रह सकता है। भाजपा का एक यही काम है कि फूट डालो और राज करो। भाजपा ने अंग्रेजों से यही सीखा है। मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम और राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह ने कहा कि अगर हम मध्य प्रदेश में चुनाव जीतते हैं तो बजरंग दल पर प्रतिबंध नहीं जाएंगे।दिग्विजय सिंह ने भाजपा पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि धर्म के नाम पर भाजपा ने हमेशा भ्रष्टाचार किया। भगवान राम के नाम पर करोड़ों रुपए जमा किए। आज तक चंदे के हिसाब नहीं दिया गया। कुंभ, सिंहस्थ और महाकाल में भ्रष्टाचार किया। अब राम मंदिर के में भी भ्रष्टाचार कर रहे हैं।

77 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपेक्स बैंक मुख्यालय के टी.टी.नगर स्थित प्रांगण में हुआ ध्वजारोहण

भोपाल।77 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपेक्स बैंक मुख्यालय के टी.टी.नगर स्थित प्रांगण में आयुक्त सह पंजीयक, सहकारी संस्थायें, मध्यप्रदेश एवं बैंक के प्रशासक श्री आलोक कुमार सिंह जी ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर बैंक के प्रबंध संचालक श्री पी.एस.तिवारी, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारीगण (संयुक्त आयुक्त, सहकारिता) श्री अरुण मिश्र, श्रीमती कीर्ति सक्सेना, श्री संजय मोहन भटनागर, उप महाप्रबंधक श्री आर.एस.चंदेल, सहायक महाप्रबंधक श्री के.टी.सज्जन, प्रबंधक सर्वश्री विवेक मलिक, करुण यादव, अरविंद वर्मा, आशीष शर्मा, उप प्रबंधक श्री अजय देवड़ा, श्री एस.के.जैन, सहायक प्रबंधक, अनिल शुक्ला, अभय प्रधान (जनसम्पर्क अधिकारी), अशोक व्यास, अनुपमा हुद्दार सहित बैंक के अनेक अधिकारी/शाखा प्रबंधक एवं कर्मचारीगणभी उपस्थित हुए । ध्वजारोहण के उपरांत सामूहिक राष्ट्गान के साथ सभी ने भारत माता की जय एवं स्वतन्त्रता दिवस–अमर रहे के नारे लगाए ।

आधी रात को भोपाल स्टेशन के पास की होटल में नशे में धुत 4 बदमाशों ने युवक की छुरी मारकर की हत्या हुए फरार

भोपाल। राजधानी के बजरिया थाना इलाके में भोपाल स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक के सामने बनी एक होटल में सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात 1 बजे खाना खा रहे एक युवक की चार बदमाशों से चैट हो गई विवाद बढ़ता गया नशे में चारों बदमाशों ने धुत होकर युवक के साथ मारपीट की इस दौरान बदमाशों ने बड़ी सी छुरी निकाली और उसके पेट में घोंप दिया हमीदिया अस्पताल में उसकी मौत हो गई इस मामले की जानकारी देते हुए बजरिया पुलिस ने हमारे संवाददाता को बताया कि इस इलाके के प्लेटफार्म नंबर 1 के सामने चांदबड़ क्षेत्र में रहने वाले दीपक शाक्य के 23 वर्षीय पुत्र गौरव घर के पास बने प्लेटफार्म नंबर 1 के सामने होटल में रात एक बजे खाना खाने गया था जब वह खाना खा रहा था इसी दौरान चार बदमाश भी नशे में धुत होकर खाना खा रहे थे इनका गौरव के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया इन चारों ने घेर कर गौरव के साथ पहले मारपीट गाली-गलौज की और तेश में आकर एक बदमाश ने अपने पास रखी एक बड़ी सी छुरी निकाली और उसके पेट में घोंप दिया ऐसा उसने दो बार किया होटल वालों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने तुरंत गौरव को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी मौत हो गई पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है उल्लेखनीय है कि स्टेशन के आसपास शाम होते ही अपराधिक किस्म के बदमाश घूमते रहते हैं और अपराधिक घटनाओं को अंजाम देते रहे हैं आरोपी फरार बताए गए पुलिस को आसपास लगे कुछ सीसीटीवी कमरों में कुछ फुटेज मिले हैं परंतु धुंधले होने के कारण बदमाश उसमें स्पष्ट नजर नहीं आ रहे हैं।

सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना में मनाया गया आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत 77वाँ स्वतंत्रता दिवस

भोपाल। सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना, पश्चिम मध्य रेल, निशातपुरा भोपाल में दिनांक 14.08.2023 को आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें श्री अमितोज वल्लभ, मुख्य कारखाना प्रबंधक द्वारा कर्मचारियों को पंच प्रण प्रतिज्ञा दिलायी गई। देश भक्ति के गीतों का आयोजन किया गया। हर घर तिरंगा के अंतर्गत बाल भारती पब्लिक स्कूल के बच्चों ने रेलवे कालोनी में तिरंगा रैली का आयोजन किया । विभाजन की विभिषिका स्मृति दिवस पर प्रदर्शनी तथा भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन पर प्रश्न मंच का आयोजन किया गया। दिनांक 15.08.2023 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्य कारखाना प्रबंधक द्वारा ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कर्मचरियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुति दी गई। उपरोक्त सभी कार्यक्रमों में रेल कर्मचारियों ने हर्षोल्लास सहित बड़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

100 रुपये की कपास खरीदी पर लगेगा 50 पैसे मंडी शुल्क

भोपाल। मध्य प्रदेश की मंडियों में सौ रुपये की कपास खरीदी पर अब केवल 50 पैसे मंडी शुल्क लगेगा। यह अभी तक डेढ़ रुपये लग रहा था। शुल्क घटाने की मांग की थी कपास व्यापारियों ने कपास व्यापारियों ने इसे घटाने की मांग की थी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट भी की थी। इसके बाद कैबिनेट में मंडी शुल्क करने का निर्णय लिया गया। अब कृषि विभाग ने अधिसूचना जारी की है। यह व्यवस्था 31 मार्च 2024 तक लागू रहेगी। पूर्व सांसद कृष्णमुरारी मोघे ने सीएम को लिखा था पत्र कपास व्यापारी मंडी शुल्क कम करने की मांग कर रहे थे। पूर्व सांसद कृष्णमुरारी मोघे ने इसको लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर बताया था कि गुजरात में 25 पैसे और महाराष्ट्र में 50 पैसे ही मंडी शुल्क लिया जाता है।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पूर्व नाम JAIPRAKASH DWIVEDI था। जो कि मेरी दसवीं की मार्कशीट में दर्ज है किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर JAY PRAKASH DWIVEDI हो गया है। अत: भविष्य में अब मुझे मेरे सही नाम JAY PRAKASH DWIVEDI s/o SHRIKANT DWIVEDI से जाना व पहचाना जाए। ADDRESS : H NO 161 SHRIKRISHNA ENCLAVE BHOPAL 462026

नाम परिवर्तन सूचना

मैं ISHWAR PATNE सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरी पत्नी के पासपोर्ट में मेरा नाम ISHWARRAO PATNE लिखा है। जबकि मेरा सही नाम ISHWAR PATNE है। जो मेरे पासपोर्ट में भी दर्ज है। अत: अब मेरी पत्नी के पासपोर्ट में MANDAKINI PATNE W/O ISHWAR PATNE किया जाए। ADDRESS : House No.52, Sector 4 - A, Saket Nagar, Bhopal (M.P.) - 462024

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विवाह से पहले मेरा नाम PRIYA AHUJA D/O AJAY AHUJA था। जो कि मेरी मार्कशीट में अंकित है। किन्तु विवाह पश्चात मेरा नाम परिवर्तित होकर PRIYA KEWAL RAMANI हो गया है। अत: भविष्य में अब मुझे मेरे नए नाम PRIYA KEWAL RAMANI W/O RAJESH KEWAL RAMANI से जाना व पहचाना जाए। ADDRESS : Ward No.15, Guru nanak Colony, Maihar, Satna (M.P.) – 485771

CHANGE OF NAME

My old name was JAI SINGH I have changed my name my new name is JAI SINGH JAT S/o SUNIL SINGH. I will be known by my new name JAI SINGH JAT

ADDRESS- New B 6/49 Main Sarafa Bazar Bairagarh, Bhopal (MP)

CHANGE OF NAME

My old name was ANKIT SINGH I have changed my name my new name is ANKIT SINGH JAT S/o SUNIL KUMAR SINGH . I will be known by my new name ANKIT SINGH JAT

ADDRESS- New B 6/49 Main Sarafa Bazar Bairagarh, Bhopal (MP)

नाम परिवर्तन सूचना

मैं SAMINA KHOZEMA SADRIWALA सर्वसाधारण को सूचित करती हूं कि मेरी पुत्री ZAINAB KHOZEMA के पासपोर्ट में मेरा नाम RAZVI SAMINA MEHDI HUSAIN लिखा है। जबकि मेरा सही नाम SAMINA KHOZEMA SADRIWALA है। अत: मेरी पुत्री के पासपोर्ट में मेरा सही नाम SAMINA KHOZEMA SADRIWALA दर्ज किया जाए।ADDRESS : 45/1, Jawahar Marg, Barwani (M.P.) – 451551

नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम RAJESH KUMAR AGRAWAL था। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर RAJESH AGRAWAL हो गया है। अत: अब मुझे मेरे नये नाम RAJESH AGRAWAL से ही जाना व पहचाना जाए।ADDRESS : WARD NO.40, BHAGWATI DAL MILL COMPANY, BAGH, RAGHURAJNAGAR, SATNA (M.P.) – 485001

कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी आदर्श विस्थापित मत्स्योद्योग सहकारी समिति मर्यादित छुआदेही विख. अमरवाड़ा जिला-छिंदवाड़ा (पंजीयन क्रमांक 757 दिनांक 08.04.2011)

क्र./ रजि.अधि./2023/ क्यू **सूचना** दिनांक 14.08.2023

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि सोसायटी के संचालक मंडल के सदस्यों का निर्वाचन सम्पन्न होना है। अतएव सोसायटी की सदस्या सूची का प्रकाशन सोसायटी कार्यालय के नोटिस बोर्ड, उप पंजीयक सहकारी सोसायटीज कार्यालय छिंदवाड़ा, विकास खंड अधिकारी/ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अमरवाड़ा जिला छिंदवाड़ा, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक छिंदवाड़ा शाखा अमरवाड़ा के सूचना पटल पर दिनांक 14.08.2023 को किया गया है यदि किसी सदस्य को इस कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो आज दिनांक 14.08.2023 से 22.08.2023 तक मुझे या मेरे द्वारा अधिकृत व्यक्ति श्री रामकृष्ण वर्मा सचिव आदर्श विस्थापित मत्स्योद्योग सहकारी समिति मर्यादित छुआदेही विख. अमरवाड़ा जिला-छिंदवाड़ा एवं जिला छिंदवाड़ा को कार्यालयीन समय में सप्रमाण लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण संस्था कार्यालय में दिनांक 23.08.2023 को दोपहर 1.00 बजे से किया जावेगा।

आपत्तियों के निराकरण के दिन सदस्य उपस्थित हो सकते है। आपत्तियों के संबंध में पृथक से व्यक्तिशः सूचना नहीं दी जाएगी। यदि किसी सदस्य की कोई आपत्ति है और वह उपस्थित नहीं होता है तो भी उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर आपत्तियों का निराकरण किया जावेगा।

(पी.सी. माहोरे)
सह. निरी. एवं रजिस्ट्रीकरण अफिसर
आदर्श विस्थापित मत्स्योद्योग सहकारी
समिति मर्यादित छुआदेही विख. अमरवाड़ा
जिला-छिंदवाड़ा

कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कृषि उत्थान बीज उत्पादक प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित तालपिपरिया जिला-छिंदवाड़ा (पंजीयन क्रमांक 1268 दिनांक 27.12.2019)

क्र./ रजि.अधि./2023/ क्यू **सूचना** दिनांक 14.08.2023

मुझे कार्यालय मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन प्राधिकारी भोपाल के आदेश क्र./सह.नि.प्रा./निर्वा.-1/2023/6047 भोपाल, दिनांक 08.08.2023 के द्वाराकृषि उत्थान बीज उत्पादक प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित तालपिपरिया जिला-छिंदवाड़ा (पंजीयन क्रमांक 1268 दिनांक 27.12.2019) के संचालक मंडल के सदस्यों तथा अन्य सहकारी संस्थाओं को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। अतः मैं रीता पटेल उप अंकेक्षक एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कृषि उत्थान बीज उत्पादक प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित तालपिपरिया जिला-छिंदवाड़ा एतद् द्वारा म.प्र. सहकारी सोसाइटी नियम 1962 के नियम क्रमांक 49(7) (05) के अनुसार सोसाइटी की सदस्यता सूची का प्रकाशन सोसाइटी कार्यालय के नोटिसबोर्ड, उप पंजीयक सहकारी समितियां छिंदवाड़ा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी विकासखंड कार्यालय मोहखेड़ जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा मोहखेड़ के सूचना फलक पर दिनांक 14.08.2023 को किया गया है। यदि किसी भी सदस्य को इस पर कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना है तो दिनांक 14.08.2023 से 22.08.2023 तक मुझे या मेरे द्वारा अधिकृत श्री [illegible] प्रबंधक कृषि उत्थान बीज उत्पादक प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित तालपिपरिया को सप्रमाण लिखित में प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण संस्था कार्यालय में दिनांक 23.08.2023 को दोपहर 1.00 बजे से किया जावेगा।

आपत्तियों के निराकरण के दिन सदस्य उपस्थित हो सकते है। आपत्तियों के संबंध में पृथक से व्यक्तिशः सूचना नही दी जाएगी। यदि किसी सदस्य की कोई आपत्ति है और वह उपस्थित नहीं होता है तो भी उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर आपत्तियों का निराकरण किया जावेगा।

(रीता पटेल)
उप अंकेक्षक एवं रजिस्ट्रीकरण अफिसर
कृषि उत्थान बीज उत्पादक प्राथमिक
सहकारी समिति मर्यादित तालपिपरिया
जिला-छिंदवाड़ा

THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY. THIS IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT AND DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE TO SECURITIES. NOT FOR RELEASE, PUBLICATION OR DISTRIBUTION, DIRECTLY OR INDIRECTLY OUTSIDE INDIA.

ondoor

ON DOOR CONCEPTS LIMITED

Corporate Identification Number: U52100MP2014PLC033570

Our Company was originally incorporated as a private limited company under the Companies Act, 2013 pursuant to a certificate of incorporation issued by the Registrar of Companies, Gwalior dated December 15, 2014 with the name 'On Door Concepts Private Limited'. Our Company was converted into to a public limited company and the name of our Company was changed to 'On Door Concepts Limited' by a fresh Certificate of Incorporation consequent upon conversion to public limited was issued on May 01, 2023 by the Registrar of Companies, Gwalior. For further details of our Company, see "General Information" and "History and Certain Other Corporate Matters' on pages 49 & 105, respectively in the Draft Prospectus.

Registered Office: Phoenix Corporate Park, First Floor, Opp. Vrindawan Garden, Hoshangabad Road Bhopal, Madhya Pradesh, India, 462026; **Tel:** +91 755 3511480; **Website:** www.ondoor.com; **E-mail:** cs@ondoor.com; **Contact Person:** Ms. Vaishali Bakliwal, Company Secretary and Compliance Officer

ADDENDUM TO THE DRAFT PROSPECTUS DATED JUNE 22, 2023: NOTICE TO INVESTORS (THE "ADDENDUM")

OUR PROMOTERS: NSB BPO SOLUTIONS PRIVATE LIMITED, MR. NARENDRA SINGH BAPNA, MR. PRAMOD RAMDAS INGLE, MRS. SWATI BAPNA AND MRS. VAISHALI INGLE

PUBLIC ISSUE OF 17,84,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10.00 EACH OF ON DOOR CONCEPTS LIMITED ("OUR COMPANY" OR "THE ISSUER") FOR CASH AT A PRICE OF ₹ 259.00 PER EQUITY SHARE (INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹ 249.00 PER EQUITY SHARE) ("ISSUE PRICE") AGGREGATING TO ₹4,620.56 LAKHS ("THE ISSUE"). OF THE ISSUE, 78,000 EQUITY SHARES AGGREGATING TO ₹ 202.02 LAKHS WILL BE RESERVED FOR SUBSCRIPTION BY PROMOTERS ("PROMOTER CONTRIBUTION") AND 86,000 EQUITY SHARES AGGREGATING TO ₹ 222.74 LAKHS WILL BE RESERVED FOR SUBSCRIPTION BY MARKET MAKER ("MARKET MAKER RESERVATION PORTION"). THE ISSUE LESS THE MARKET MAKER RESERVATION PORTION I.E. ISSUE OF 16,20,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10.00 EACH AT AN ISSUE PRICE OF ₹ 259.00 PER EQUITY SHARE AGGREGATING TO ₹ 4,195.80 LAKHS IS HEREINAFTER REFERRED TO AS THE "NET ISSUE". THE ISSUE AND THE NET ISSUE WILL CONSTITUTE 26.37% AND 25.04%, RESPECTIVELY OF THE POST ISSUE PAID UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY. FOR FURTHER DETAILS, SEE "TERMS OF THE ISSUE" ON PAGE 187 OF THE DRAFT PROSPECTUS.

This is with reference to the Draft Prospectus filed by the Company with the National Stock Exchange of India Limited ("NSE"). Potential Applicants/Bidders may note the following and for details the Applicants/Bidders may scan the QR code as mentioned in this advertisement:

1) Under the section titled "Risk Factors" beginning from page 24 of the Draft Prospectus, certain Risk Factors shall be amended and/ or updated and/ or added, as provided beginning on page 1 of the Addendum.
2) Under the section titled "Objects of the Offer" beginning from page 71 of the Draft Prospectus and accordingly, key assumptions to the working capital projections shall be amended and/ or updated and/ or added, as provided beginning on page 5 of the Addendum.
3) Under the section titled "Business Overview" beginning from page 90 of the Draft Prospectus, business process and certain additional information shall be updated and/ or added, as provided beginning on page 6 of the Addendum.
4) Under the section titled "Outstanding Litigation and Material Developments" beginning from page 166 of the Draft Prospectus and accordingly, certain litigations shall be amended and/ or updated and/ or added, as provided beginning on page 8 of the Addendum.
5) Under the section titled "Government and Other Approvals" beginning from page 171 of the Draft Prospectus and accordingly, certain government approvals shall be amended and/ or updated and/ or added, as provided beginning on page 14 of the Addendum.
6) The consequent changes and/ or additions as made in the respective above sections shall be accordingly disclosed in the Draft Prospectus wherever applicable.

The above amendments and/ or additions are to be read in conjunction with the Draft Prospectus, unless indicated otherwise, and accordingly their references in the Draft Prospectus stand amended pursuant to the Addendum to the Draft Prospectus. The information in the Addendum supplements the Draft Prospectus and updates the information in the Draft Prospectus, as applicable. However, please note that the Addendum does not reflect all the changes that have occurred between the date of filing of the Draft Prospectus and the date thereof, and the information included in the Draft Prospectus will be suitably updated, including to the extent stated in the Addendum to the Draft Prospectus, as may be applicable in the Prospectus, as and when filed with ROC and the Stock Exchange.

The Addendum is filed with NSE and shall be made the respective websites NSE i.e. www.nseindia.com; Lead Manager at www.focl.in and the Issuer Company at www.ondoor.com.

All capitalized terms used in the Addendum shall, unless the context otherwise requires, have the meaning ascribed to them in the Draft Prospectus.

The Equity Shares have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act or any state securities laws in the United States, and unless so registered, and may not be offered or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act and applicable U.S. state securities laws. Accordingly, the Equity Shares are being offered and sold outside the United States in offshore transactions in reliance on Regulation S and the applicable laws of each jurisdictions where such offers and sales are made.

The Equity Shares have not been and will not be registered, listed or otherwise qualified in any other jurisdiction outside India and may not be issued or sold, and Bids may not be made by persons in any such jurisdiction, except in compliance with the applicable laws of such jurisdiction.

For On Door Concepts Limited
On behalf of the Board of Directors
Sd/-
Narendra Singh Bapna
Managing Director

Place: Bhopal
Date: August 16, 2023

LEAD MANAGER TO THE OFFER	REGISTRAR TO THE OFFER
FIRST OVERSEAS CAPITAL LIMITED 1-2 Bhupen Chamber, Dalal Street, Fountain, Mumbai -400 001 Maharashtra, India **Telephone:** +91 22 4050 9999 **E-mail:** mb@focl.in **Investor grievance e-mail:** investorcomplaints@focl.in **Website:** www.focl.in **Contact Person:** Satish Sheth/ Mala Soneji **SEBI Registration No.:** INM000003671	**BIGSHARE SERVICES PRIVATE LIMITED** S6-2, 6th Floor, Pinnacle Business Park, Mahakali Caves Road, Next to Ahura Centre, Andheri East, Mumbai - 400 093, Maharashtra, India **Tel. No.:** +91 22 6263 8200 **Email:** ipo@bigshareonline.com **Investor Grievance Email:** investor@bigshareonline.com **Website:** www.bigshareonline.com **Contact Person:** Babu Rapheal C. **SEBI Registration No.:** INR000001385

On Door Concepts Limited is proposing, subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make an initial public offer of its Equity Shares and has been filed the Draft Prospectus dated June 22, 2023 with NSE. The Draft Prospectus and the Addendum to the Draft Prospectus shall be available on the respective websites NSE i.e. www.nseindia.com; Lead Manager at www.focl.in and the Issuer Company at www.ondoor.com. Potential Applicants/Bidders should note that investment in equity shares involves a high degree of risk and details relating to such risk, please see the section entitled "Risk Factors" beginning on page 24 of the Draft Prospectus. Potential Applicants/Bidders should not reply on the Draft Prospectus filed with NSE for making any investment decision.

Surjeet Comm.